# 104

**II**

**Total No. of Questions – 16**
**Total No. of Printed Pages – 4**

**Regd. No.**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

## Part – II
## HINDI, Paper – I
### (Second Language)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 100**

सूचनाएँ : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

### खण्ड – 'क' (60 अंक)

I. किसी एक दोहे का कवि परिचय देते हुए भावार्थ लिखिए : $1 \times 6 = 6$

पोथि पढ़ि–पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय ।
ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय ।।

अथवा

तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान ।
कहि रहीम परकाज हित, संपत्ति संचहि सुजान ।।

II. किसी एक कविता का सारांश लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(1) फूल की चाह

(2) अकाल और उसके बाद

III. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(1) अथातो घुमक्कड जिज्ञासा

(2) पर्यावरण और प्रदूषण

IV. किसी एक कहानी का सारांश लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(1) परदा

(2) बदला

V. किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **2 × 5 = 10**

(1) मुझे तोड़ लेना वनमाली !
उस पथ पर देना तुम फेंक ।
मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ जावें वीर अनेक ।।

(2) जग पीड़ित है अति दुःख से
जग पीड़ित रे अति सुख से
मानव जग में बँट जाएँ
दुःख सुख से औ सुख दुःख से ।

(3) साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बाएँ से वे मलते हुए पेट चलते हैं,
और दाहिना दया-दृष्टि पाने की ओर बढ़ाए ।

(4) दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद ।
धुआँ उठा आँगन के ऊपर कई दिनों के बाद ।।

VI. किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **2 × 5 = 10**

(1) ब्रह्मा ने एकाकी न रहकर अपने आपको दो में विभक्त कर लिया जिसके दक्षिण अंश को पुरुष तथा वाम को नारी की संज्ञा दी गई ।

(2) पर-स्त्री तो हरेक के लिए माता के समान है । जो अधिकार-प्राप्त जन है, जो सरदार हैं, या राजा उन्हें........ उन्हें तो इस सम्बन्ध में विवेक, सबसे अधिक विवेक रखना आवश्यक है ।

(3) आजकल पर्यावरण प्रदूषण के कारण यह संतुलन बिगड़ रहा है ।

(4) 28 फरवरी, 1928 को चन्द्रशेखर वेंकटरामन ने रामन प्रभाव की खोज की । उस खोज के उपलक्ष्य में इस दिन को प्रत्येक वर्ष 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाया जाता है ।

VII. एक शब्द में उत्तर दीजिए : **5**

(1) कबीरदास के अनुसार साधु से किसके बारे में पूछना चाहिए ?

(2) रहीम ने सज्जन की तुलना किससे की है ?

(3) मानव जीवन की पूर्णता किससे संभव है ?

(4) भिक्षुक किसके सहारे खड़ा हो जाता है ?

VIII. एक शब्द में उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) महादेवी वर्मा को किस रचना पर 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिला ?

(2) शिवाजी की दृष्टि में पर-स्त्री किसके समान है ?

(3) तेलुगु संस्कृति का दूसरा नाम क्या है ?

(4) सी.वी. रामनजी का आविष्कार किस नाम से जाना जाता है ?

(5) आन्ध्र प्रदेश का प्रसिद्ध नाट्य क्या है ?

## खण्ड – 'ख' (40 अंक)

IX. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए : $1 \times 5 = 5$

छुट्टी के लिए प्राचार्य के नाम एक पत्र लिखिए ।

अथवा

नौकरी के लिए आवेदन पत्र लिखिए ।

X. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : $5 \times 1 = 5$

| | |
|---|---|
| (1) अपना | (6) जड़ |
| (2) कठोर | (7) देव |
| (3) जय | (8) सत्य |
| (4) नरक | (9) उन्नति |
| (5) पाप | (10) आयात |

XI. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : $5 \times 1 = 5$

| | |
|---|---|
| (1) सूर्य | (6) पग |
| (2) फूल | (7) रात्रि |
| (3) वन | (8) शरीर |
| (4) स्वर्ण | (9) आदमी |
| (5) पुत्र | (10) हवा |

XII. किन्हीं पाँच (5) शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : $5 \times 1 = 5$

| | |
|---|---|
| (1) आयू | (6) स्त्रीयाँ |
| (2) परीचय | (7) उपाधी |
| (3) सूरज | (8) परिक्षा |
| (4) कुपा | (9) तपश्या |
| (5) प्रनाम | (10) आर्कषण |

XIII. किन्हीं पाँच (5) पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) Class
(2) Speech
(3) Prime Minister
(4) Arts
(5) Maths
(6) Work Shop
(7) Earth
(8) Space
(9) Fuel
(10) Award

XIV. कारक चिह्नों की सहायता से पाँच (5) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) अध्यापक ______ पाठ पढ़ाया ।
(2) जेब ______ रुपये हैं ।
(3) तुम मीरा ______ दस रुपये दो ।
(4) लता कलम ______ लिखती है ।
(5) राजा सिंह ______ मारता है ।
(6) घर ______ लड़का आता है ।
(7) दूकान ______ सामान है ।
(8) सीता गीता ______ फल लायी ।
(9) सिर ______ बाल हैं ।
(10) चाकू ______ रोटी काटते हैं ।

XV. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) वह गोपाल का बेटा है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए ।)
(2) भारत की महिला बड़ी सराहनीय है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)
(3) राम भरपेट खाता है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)
(4) कमरे की सजावट अच्छी है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)
(5) कुमार कविता लिखेगा । (वर्तमान काल में लिखिए ।)

XVI. सूचना के अनुसार भाषा विभाग को पहचानिए : 5 × 1 = 5

(1) श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया । (इस वाक्य में संज्ञा क्या है ?)
(2) आप क्या कर रहे हैं ? (इस वाक्य में सर्वनाम क्या है ?)
(3) क्रिकेट में ग्यारह खिलाड़ी खेलते हैं । (इस वाक्य में विशेषण क्या है ?)
(4) प्रेमचन्द ने उपन्यास लिखा था । (इस वाक्य में क्रिया शब्द क्या है?)
(5) वह धीरे-धीरे आता है । (इस वाक्य में क्रिया-विशेषण पहचानकर लिखिए ।)